प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से होगा शुरू : आज सम्पन्न हुई सर्वदलीय बैठक, 20 फरवरी को पेश किया जायेगा बजट।**
2. **प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी : सुरक्षा के मद्देनजर 28 फरवरी तक के लिये बंद किया गया संगम रेलवे स्टेशन।**
3. **केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज सारनाथ में उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के 16वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित : कहा– राष्ट्र निर्माण में होना चाहिय शिक्षा का इस्तेमाल।**

**और**

4. **काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से वाराणसी आये किसानों के समूह ने आज किया गंगा स्नान : काशी को कला, संस्कृति और परम्पराओं से हुए रूबरू।**

————————

**उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू होगा। 5 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में 20 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। इसी क्रम में आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। नेता**

सदन ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने और स्वस्थ चर्चा के ज़रिए प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बजट पेश करेगी। बाइट.....

*सरकार की कोशिश है कि हम जो दो हज़ार पच्चीस छब्बीस का बजट लेकर के आ रहे हैं। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो केन्द्र सरकार का बजट आया है, उसी से प्रेरणा लेकर के उत्तर प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता की भलाई के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए और समाज के सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ऐसा बजट हम लोग लाने का प्रयास करेंगे।*

बजट सत्र से पहले आज मुख्यमंत्री ने विधानभवन के नव निर्मित मुख्य द्वार और विधानसभा परिसर में लगाए गए नए भित्ति चित्रों का अनावरण भी किया।

—————————

महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान की सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी.सिंह बघेल भी आज प्रयागराज पहुंचे। इस अवसर पर श्री बघेल

ने कहा कि यह केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं बल्कि सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का उदाहरण है।

महाकुंभ में आस्था के साथ कला और संस्कृति के विभिन्न पहलू भी देखने को मिल रहे हैं। इस आयोजन ने लघु उद्योगों और स्थानीय अर्थव्यस्था को भी एक बड़ा मंच प्रदान किया है। मेला क्षेत्र में एक जिला एक उत्पाद पवेलियन में प्रदेश भर के हस्तशिल्प उत्पाद आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। लखनऊ की चिकनकारी हो या फिरोज़ाबाद के कांच के उत्पाद, सभी लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। पवेलियन में स्टॉल लगाने वाली मथुरा से आई उर्मिला शर्मा ने बताया कि लोग हस्त निर्मित उत्पादों को काफी पसंद कर रहे हैं। बाइट.....

*मैं जिला मथुरा से ओने डिस्ट्रिक्ट वन ने प्रोजेक्ट लेके आयी हुई हूँ ओडीओपी में मेरे प्रोजेक्ट में भगवान के संबंधित सारे सामान है जैसे भगवान की ज्वेलरी है, भगवान की ड्रेस है, भगवान की श्रृंगार है और मेरी साले भी अच्छी है और मेरी मार्केट अच्छी चल रही है वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में।*

ओडीओपी पवेलियन में खरीदारी करने आए अनुग्रह सिंह ने एक छत के नीचे मिल रहे विभिन्न उत्पादों की सराहना की। बाइट.....

*ओडीओपी इसकी सजावट साज सज्जा काफी ठीक ठाक है दुकान यहाँ पे अच्छी स्टॉल लगी हुई है काफी दूर दूर से आए हुए है सब हमने दो चार सामान खरीदे है अच्छे है लकड़ी के सामान है।*

———————

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रयागराज के दारागंज स्थित संगम रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन 28 फरवरी तक बंद रहेगा।

रेलवे ने मेला स्पेशल ट्रेनों को अधिक संख्या के कारण लखनऊ मंडल से जाने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया है। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनज़र प्रदेश भर में रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा को और पुख्ता किया जा रहा है।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस तरह बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान के साथ ही  अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। श्री योगी ने आज युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में अनेक रिफॉर्म हुए हैं। अब हर कोई यूपी में निवेश करना चाहता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। बाइट.....

*प्रदेश इन्वेस्टमेंट का एक बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में उभरे इसके लिए हम लोगों ने सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म तो दिया ही लैंड बैंक भी दिया सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल भी दिया और एक एक स्तर पर मॉनिटरिंग के मैकेनिज्म को इतना मजबूत किया कि आज जब कोई एक बार आता है तो उसको लगता है कि हाँ मुझे अपना निवेश यू0पी0 में करना चाहिए। बदले में उत्तर प्रदेश के अंदर नौजवानों को नौकरी भी मिले रोजगार भी मिला।*

—————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश में मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षा आज से शुरू हो गइ है। 22 फरवरी तक चलने वाली ये परीक्षाएं प्रदेश के 71 जनपदों के 434 केन्द्रों में कराई जा रही ह। परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए केन्द्रों के सघन निरीक्षण के साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और वेबकास्टिंग की जा रही है।

—————————

केन्द्रीय पर्यटन आर संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज वाराणसी में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के 16वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस अवसर श्री शेखावत ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक इस्तेमाल राष्ट्र के निर्माण में किया जाना चाहिए। उन्होंने

कहा कि भारत तिब्बत की ज्ञान परम्परा और भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को यह संस्थान दुनिया भर पहुंचा रहा है। बाइट.....

*दूसरी तरफ भारत तिब्बत की ज्ञान परंपरा का भगवान बुद्ध के संदेश को युद्ध से ग्रसित विश्व के इस कालखंड में और अधिक प्रामाणिकता के साथ में प्रतिपादित करने के लिए जुटे इस संस्थान के इस दीक्षांत समारोह में निश्चित रूप से इतने सारे लोगों की उपस्थिति इस संदेश को और अधिक व्यापकता के साथ पहुंचाने में उपयोगी होगी सहयोगी होगी।*

दीक्षांत समारोह में प्रदेश के मंत्री जयवीर सिंह और राजवीर सिंह भी शामिल रहे। कार्यक्रम में 47 गोल्ड मेडल समेत कुल 126 मेडल प्रदान किए गए। वहीं 3 लोगों को डी.लिट की डिग्री, 14 छात्रों को पीएचडी की डिग्री और 11 छात्रों को एम फिल की डिग्री भी प्रदान की गयी।

———————

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए मेहमान काशी की संस्कृति कला और परम्पराओं से रूबरू हो रहे हैं। संगमम के तीसरे दिन तमिलनाडु से आये किसानों के समूह न हनुमान घाट पर गंगा स्नान कर सुख समृद्धि की कामना की। समूह के साथ मौजूद आचार्यों ने छात्रों को गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास के बारे में बताया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*काशी तमिल संगमम के तहत काशी आए दल ने गंगा स्नान के बाद घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास, दिव्यता और भव्यता के बारे में जानकारी दी गई। इस समूह ने कांची मठ पहुंचकर वहां के इतिहास के बारे में जानकारी ली। छात्रों*

*के साथ आए असिस्टेंट प्रोफेसर शुभ चंद्रा ने कहा कि इस आयोजन के ज़रिए उन्हें कांची और काशी के बीच के संबंध को जानने और समझने का मौका मिल रहा है। बाइट.....*

*ये काशी तमिल संगम एक अद्भुत कार्यक्रम है क्योंकि काशी और कांची दोनों परंपराओं को मिलाकर यहाँ देखा जाता है और इधर दक्षिण में कांची जो है वो मोक्ष नगरी है और यहाँ उत्तर में काशी मोक्ष नगरी है और इस दोनों जगह का परंपरा जो पुराणों में हर जगह मिलता है उसको हम अभी साक्षात देख रहे हैं और अनुभूति कर रहे हैं इसको इससे और काशी कांची की परंपरा सुदृढ़ होगी।*

*काशी तमिल संगमम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

संगमम के तहत आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित बौद्धिक सत्र में कृषि और पारंपरिक हस्तकला में पारस्परिक ज्ञान साझा कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मज़बूत बनाने पर विचार मंथन हुआ।

———————

प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज वाराणसी के संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दिव्यांग खिलाड़ियों की क्रिकेट प्रतियोगिता में शिरकत की। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों को समुचित बढ़ावा मिल सके इसके लिए सरकार ने प्रभावी नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से ही आज ग्रामीण क्षेत्र से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलकर सामने आ रहे हैं।

(समाप्त)